मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-200
10/07/2024

मुख्यमंत्री ने जे0पी0 गंगापथ के गायघाट (12.1 कि0मी0) से कंगनघाट (15.5 कि0मी0) के पथांश का किया लोकार्पण

पटना, 10 जुलाई 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जे0पी0 गंगापथ के गायघाट (12.1 कि0मी0) से कंगनघाट (15.5 कि0मी0) के पथांश का फीता काटकर एवं गुब्बारा उड़ाकर लोकार्पण किया। लोकार्पण करने के पश्चात् मुख्यमंत्री गायघाट से कंगनघाट तक बने पथ का निरीक्षण किया। पटना घाट पर आयोजित कार्यक्रम में पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री को ड्रोन द्वारा तैयार किए गए वृत्त चित्र के प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जे0पी0 गंगा पथ परियोजना के बचे हुए कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। साथ ही कच्ची दरगाह से बिदुपुर 6 लेन पथ परियोजना की कार्य प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जे०पी० गंगा पथ परियोजना को पूर्व दिशा में बख्तियारपुर से होते हुए मोकामा तक राजेंद्र पुल से जोड़ने की योजना है। साथ ही पश्चिम दिशा में भोजपुर जिला के शेरपुर तक विस्तारित करने की योजना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जे०पी० गंगा पथ परियोजना की आधारशिला 11 अक्टूबर को वर्ष 2013 में रखी गई। 24 जून 2022 को जे०पी० गंगा पथ परियोजना के पथांश का लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि जे०पी० गंगा पथ के निर्माण से पटना के पूर्वी तथा पश्चिमी भाग के बीच आवागमन में सुगमता हो रही है तथा पटना शहर के मुख्य अस्पताल– पी०एम०सी०एच०, एन०एम०सी०एच० और एम्स के बीच निर्बाध सम्पर्कता स्थापित हो जाने से आमजनों को चिकित्सा सुविधाओं को प्राप्त करने में अत्यंत सुविधा हो रही है। जे०पी० गंगा पथ का दीघा में जे०पी० सेतु तथा गाय घाट में बिस्कोमान गोलंबर के समीप महात्मा गाँधी सेतु से सम्पर्कता हो जाने से उत्तर बिहार से दक्षिण बिहार के बीच आवागमन और भी सहज हो गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दीघा से कंगनघाट तक जे0पी0 गंगा पथ परियोजना का कार्य पूर्ण हो गया है। आगे दीदारगंज तक जो बचा हुआ कार्य है उसे जल्द पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने निर्माण करनेवाली कंपनी एल0 एंड टी0 के प्रतिनिधि को निर्देश दिया कि जल्द–से–जल्द जे0पी0 गंगापथ के बचे हुए कार्य को पूरा करें। एल0 एंड टी0 के प्रतिनिधि ने कंगनघाट से दीदारगंज तक डेढ़ कि0मी0 का जो बचा हुआ कार्य है उसे अक्टूबर, 2024 तक तथा कच्ची दरगाह से बिदुपुर पथ परियोजना का कार्य इस साल के अंत तक पूर्ण करने का मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया।

उल्लेखनीय है कि जे०पी० गंगा पथ परियोजना के कंगन घाट तक लोकार्पण हो जाने से श्री गुरू गोविंद सिंह जी महाराज की जन्मस्थली तख्त श्री हरिमंदिर साहिब गुरुद्वारा आना–जाना अत्यंत ही सुगम हो जायेगा। साथ ही कंगन घाट से दानापुर स्थित गुरुद्वारा हांडी साहिब आने–जाने में भी समय की काफी बचत होगी। पटना घाट से पटना साहिब के बीच रेलवे भूमि के हस्तांतरण हो जाने के उपरांत परियोजना का दीघा से सीधा संपर्क पटना साहिब रेलवे स्टेशन से हो जाएगा जिससे इस पथ की उपयोगिता और भी बढ़ जाएगी।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री–सह–पथ निर्माण मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव, पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री रविशंकर प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री संदीप कुमार आर0 पुडकलकट्टी, जिलाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री शीर्षत कपिल अशोक, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा समेत पथ निर्माण विभाग के अभियंतागण और वरीय अधिकारीगण भी रहे मौजूद।

कार्यक्रम के पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जे0पी0 गंगापथ बन जाने से उत्तर बिहार के लोगों को पटना या कहीं आने–जाने में अब कोई परेशानी नहीं हो रही है, आवागमन सुविधाजनक हो गया है। उत्तर बिहार के अलग–अलग इलाकों से यहां आने में बहुत सुविधा हो जाएगी। इसके अलावे भी राज्य में सभी जगहों पर अच्छी सड़कें बन रही हैं। कुछ जगहों पर जिन सड़कों को बनने में विलंब हो रहा है, उसको लेकर मैंने अधिकारियों से कहा है कि वे जल्द–से–जल्द सड़क बनवाने का कार्य पूर्ण करें। अच्छी सड़कें बन जाने से लोगों को आवागमन में बहुत सुविधा होती है और समय की भी बचत होती है।

******